Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to utilise DMFT Fund in Bhilwara Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा): भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में डीएमएफटी फण्ड में सैंकड़ों करोड़ रुपये पड़े हैं, परन्तु यह राशि खनन प्रभावित क्षेत्रों में आमजन के शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं के लिए खर्च नहीं की जा रही है। राज्य सरकार कानून बनाकर आधी राशि राज्य सरकार के खजाने में डाल रही है जो कि भीलवाड़ा जिले की जनता के साथ अन्याय है, क्योंकि खनन के कारण हो रहे प्रदूषण से उनके जन जीवन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है और राशि राज्य सरकार दूसरी जगह लगाना चाहती है।

पाँच सौ करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि जो हर वर्ष बढ़ रही है, परंतु खर्च नहीं हो रही है, जबकि जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य को लेकर बहुत काम बाकी है। गाँवों में अधिकांश विद्यालयों में जहाँ 10 कक्षाएँ चलती हैं, परंतु कक्षा कक्ष तीन ही हैं, ऐसी स्थितियाँ अस्पतालों की भी है। डीएमएफटी की राशि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत ढाँचे के विकास में खर्च की जाये।